## 13 से 19 तक चलेगा अभियान, सफाई मित्रों का सम्मान और पौधरोपण भी किया

नागरिकों से घर मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का किया आह्वान

# स्वच्छता ही स्वागत अभियान में डॉ. अर्चना गुप्ता ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद आगमन के उपलक्ष्य में पूरे हरियाणा में चलाए जा रहे 'स्वच्छता ही स्वागत' अभियान के तहत सोमवार को नगर निगम करनाल क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। सेक्टर-12 स्थित संडे सेल बाजार परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने स्वयं श्रमदान कर अभियान की शुरुआत की तथा फव्वारा पार्क में मौलसरी का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर इन्द्री विधायक एवं हरियाणा सरकार के चीफ व्हीप राम कुमार कश्यप, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, असंध विधायक योगेन्द्र राणा, हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ऊषा प्रियदर्शी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, महापौर रेणु बाला गुप्ता, नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा, हरियाणा श्रवण एवं वाणी विभाग की चेयरपर्सन मेघा भंडारी, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र, पार्षद, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा नगर निगम और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सफाई मित्रों ने श्रमदान कर परिसर की सफाई की और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।



करनाल। सेक्टर-12 स्थित संडे सेल बाजार में 'स्वच्छता ही स्वागत' अभियान के तहत श्रमदान करतीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता तथा उपस्थित जनप्रतिनिधि।

### स्वच्छता जनआंदोलन में नागरिकों की भागीदारी जरूरी

डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि यह अभियान 13 से 19 जुलाई तक पूरे हरियाणा में चलेगा। अभियान के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाई जाएगी और प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद दौरे के दौरान हरियाणा को हाइड्रोजन गैस से संचालित रेल, कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय, रेलवे एलिवेटेड ब्रिज सहित कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए कार्यकर्ता इलेक्ट्रिक बसों, इलेक्ट्रिक कारों और ई-रिक्शा से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे, जबकि अन्य जिलों में इसका सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने स्वच्छता व्यवस्था में योगदान देने वाले सफाई मित्रों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में स्वच्छता को जन आंदोलन बताते हुए नागरिकों से घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने कहा कि अभियान के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## स्वच्छता, बूथ सशक्तिकरण और जनसंवाद पर प्रदेशाध्यक्ष का जोर

करनाल। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सोमवार को करनाल में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए स्वच्छता, संगठन सशक्तिकरण और जनसंवाद का संदेश दिया। उन्होंने सेक्टर-12 स्थित हुडा ग्राउंड में विशेष स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया, सेक्टर-5 में बूथ समिति की बैठक को संबोधित किया तथा सेक्टर-4 में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा के निवास पर आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में वरिष्ठजनों से संवाद किया। सेक्टर-12 में आयोजित स्वच्छता अभियान के दौरान डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी और संस्कार है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद आगमन के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में 19 जुलाई तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पार्क में पौधारोपण भी किया गया और /"हरित हरियाणा-स्वच्छ हरियाणा/" का संदेश दिया गया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि यह हमारे व्यवहार और जिम्मेदारी का हिस्सा है। उन्होंने सफाई कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए नागरिकों से स्वच्छता को जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इसके बाद सेक्टर-5 स्थित बूथ संख्या-63 पर आयोजित बूथ समिति की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और बूथ स्तर की मजबूती ही संगठन की सफलता का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसेवा और संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाने का



आह्वान किया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता ही सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हैं। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और रणनीति पर भी चर्चा की गई। दिन के अंतिम कार्यक्रम में सेक्टर-4 स्थित कपिल अत्रेजा के निवास पर आयोजित चाय पर चर्चा में डॉ. अर्चना गुप्ता ने वरिष्ठ समाजसेवी संतोष अत्रेजा और ओम प्रकाश अत्रेजा से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रबुद्धजनों का अनुभव संगठन और जनसेवा को नई दिशा देता है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि ऐसे संवाद कार्यक्रम समाज की अपेक्षाओं को समझने और विकास कार्यों को गति देने का प्रभावी माध्यम हैं। उपस्थित रहे: चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप, विधायक जगमोहन आनंद, विधायक योगेंद्र राणा, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, मेघा भंडारी, नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा, कपिल अत्रेजा, मानव पुरी, संकल्प भंडारी सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 2021 की धान गोदाम डकैती में दो और आरोपी गिरफ्तार

सीआईए-2 की कार्रवाई, अब तक छह आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अपराध अन्वेषण शाखा (सीआईए-2) ने वर्ष 2021 में हुई धान गोदाम डकैती के मामले में दो और फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों को गोहाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। सीआईए-2 प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपियों दिलबाग उर्फ टिंकू और रमेश पुत्र रमेश निवासी गांव नगर, गोहाना को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 3 जनवरी 2021 को कुशपुरा स्थित धान गोदाम में हथियारबंद बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बनाकर करीब 315 धान के कट्टे लूट लिए थे। इस मामले में पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब दोनों नए आरोपियों से पूछताछ के दौरान वारदात और अन्य साथियों से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है।



करनाल। वर्ष 2021 की धान गोदाम डकैती मामले में गिरफ्तार आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## टेबल टेनिस में दयाल सिंह स्कूल, सेक्टर-7 प्रथम



करनाल। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी में इंटर दयाल सिंह टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दयाल सिंह समूह के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्या सुषमा देवगन एवं हेडमिस्ट्रेस प्रिया कपूर ने प्रतिभागियों का स्वागत कर किया। बालक वर्ग में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर-7 प्रथम, दयाल सिंह कॉलोनी द्वितीय, पानीपत तृतीय तथा जगाधरी चौथे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में पानीपत प्रथम, दयाल सिंह कॉलोनी द्वितीय, जगाधरी तृतीय तथा सेक्टर-7, करनाल चौथे स्थान पर रहा। समापन समारोह में दयाल सिंह कॉलेज ट्रस्ट के महाप्रबंधक ब्रिगेडियर रणधीर सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शारीरिक शिक्षा विभाग तथा संजय चौधरी, सीमा रानी और विनय कुमार का विशेष योगदान रहा।

# योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, स्वस्थ जीवन का यही मूल मंत्र : दिनेश गुलाटी

- मेरा मिशन स्वस्थ भारत के रविवार विशेष योग सत्र में योगासन, प्राणायाम और ध्यान का कराया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तत्वावधान में फव्वारा पार्क में आयोजित रविवार विशेष योग सत्र में प्रमुख योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने उपस्थित साधकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है, क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और स्वस्थ भारत की मजबूत नींव रखता है। दिनेश गुलाटी ने कहा कि मेरा मिशन स्वस्थ भारत का उद्देश्य योग के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन जीने की संपूर्ण जीवनशैली है।



करनाल। फव्वारा पार्क में आयोजित रविवार विशेष योग सत्र में योगाभ्यास कराते प्रमुख योग शिक्षक दिनेश गुलाटी एवं उपस्थित साधक।

### योग से निरोग जीवन संभव

नियमित योग एवं प्राणायाम से शरीर लचीला और मजबूत बनता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, तनाव एवं चिंता कम होती है तथा मन शांत एवं एकाग्र रहता है। योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाकर बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा देता है। योग सत्र के दौरान सभी साधकों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण के साथ योगाभ्यास किया।

## तरावड़ी में अवैध नमकीन फैक्ट्री पर फूड सेफ्टी विभाग का छापा, सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

जिला प्रशासन के निर्देशों पर फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने सोमवार को तरावड़ी शहर में अवैध रूप से संचालित हो रही नमकीन एवं मिठाई की फैक्ट्रियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। यह कार्रवाई दयानगर क्षेत्र के गुप्ता कालोनी पास एक नमकीन फैक्ट्री में की गई, जहां टीम ने मौके पर पहुंचकर नमकीन, तेल, मसाले व अन्य विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। जानकारी के अनुसार, विभाग को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि शहर की कुछ कॉलोनियों में बिना अनुमति के खाद्य पदार्थों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। इसी के चलते फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने अचानक छापा मारकर कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान टीम ने पाया कि फैक्ट्री में उपयोग किए जा रहे मसालों और सामग्री की गुणवत्ता संदिग्ध थी। मौके से नमकीन और अन्य खाद्य उत्पादों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी डा. कपिला सैनी ने बताया कि विभाग लगातार ऐसी अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।



तरावड़ी। फूड सेफ्टी विभाग की टीम कार्यवाही करते हुये।

## न्यूज डायरी

### पेस्टीसाइड फैक्ट्री के खिलाफ विधायक को सौंपा ज्ञापन



इंद्री। इंद्री के गांव जोहड़ माजरा और मनोहरपुर के ग्रामीणों ने पेस्टिसाइड फैक्ट्री द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण को लेकर विधायक रामकुमार कश्यप को ज्ञापन सौंपा । इस दौरान ग्रामीणों ने फैक्ट्री संचालक द्वारा छोड़े जा रहे दूषित पानी को लेकर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने विधायक को शिकायत सौंपते हुए कहा कि फैक्ट्री संचालक द्वारा फैक्ट्री के केमिकल युक्त जहरीले पानी को बिना ट्रीटमेंट के भूमि के अंदर छोड़ा जा रहा है।

### घंटाकर्ण महावीर कृपा दिवस पर भक्ति संगम



करनाल। महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के अवसर पर इंद्री रोड स्थित घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान में भक्ति संगम का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ घंटाकर्ण बीज मंत्र के सामूहिक जाप से हुआ, जिसमें विश्व कल्याण और सभी के मंगल की कामना की गई। भजन संध्या में साध्वी जागृति, पुष्पा गोयल, दीपक जैन, अनिता जैन, सुनीता जैन, निशा जैन, जयपाल सिंह, प्रवीण जैन-सरिता जैन, सुधा जैन तथा दिनेश जैन ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तिमय वातावरण बना दिया। श्रद्धालु देर तक भक्ति रस में सराबोर रहे।

### सरकारी महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



करनाल। पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार की पौधारोपण मुहिम के अंतर्गत आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) मीनाक्षी यादव ने पौधारोपण करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रकृति और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

### महिला सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार



करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सोमवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी के करनाल आगमन पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। महापौर ने कहा कि महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार है। महिलाओं को समान अवसर और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उषा प्रियदर्शी के नेतृत्व में महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए प्रभावी कार्य करेगा। उषा प्रियदर्शी ने स्वागत के लिए महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयोग महिलाओं के हितों, सुरक्षा और सम्मान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

### एसटीपी के शोधित पानी का हो शत-प्रतिशत उपयोग

करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया ने जिले के सभी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से निकलने वाले उपचारित पानी का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा गिरते भूजल स्तर को रोकने के लिए पर्यावरण सुरक्षा और सतत विकास की दिशा में सभी एसटीपी के उपचारित पानी का अधिकतम उपयोग किया जाए। सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शोधित पानी का उपयोग खेतों, पार्कों, ग्रीन बेल्ट और डिवाइडरों पर लगे पौधों की सिंचाई में किया जाए, ताकि ताजे पानी और भूजल पर निर्भरता कम हो सके। उन्होंने 50 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी का कार्य भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि शिव कॉलोनी और हकीकत नगर क्षेत्र में 1100 एकड़ कृषि भूमि में से 500 एकड़ भूमि की सिंचाई एसटीपी के उपचारित पानी से की जा रही है। इस पर डॉ. राहुल रईया ने निर्देश दिए कि शेष 600 एकड़ भूमि की सिंचाई भी जल्द से जल्द उपचारित पानी से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निगम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग तथा ग्राम सचिवों को संयुक्त रूप से जिले में स्थापित आठों एसटीपी का निरीक्षण कर उपचारित पानी के पुनः उपयोग संबंधी विस्तृत रिपोर्ट एक माह के भीतर उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



इंद्री। कार्यक्रम मे एसआईआर की जानकारी देते महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी।

## शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में एसआईआर पर किया जागरूकता कार्यक्रम

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय विद्यालय मटक माजरी इंद्री मे विशेष गहन पुनरीक्षण विषय पर एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को हरियाणा सरकार की इस महत्वपूर्ण मुहिम के प्रति जागरूक करना और समाज में इसके संदेश को प्रसारित करना था। कार्यक्रम में मंच का संचालन आचार्य प्रदीप कुमार वत्स ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकार की यह योजना किस प्रकार अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी परिणाम देने वाली है। उन्होंने सभी उपस्थित प्राध्यापकों और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस जानकारी को केवल स्वयं तक सीमित न रखें, बल्कि समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे समाज में जाकर एसआईआर के प्रति पूरी जागरूकता फैलाएंगे और सरकार की इस कल्याणकारी नीति को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## चार माह में 33 अवैध कॉलोनियां व निर्माण किए ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में किसी भी सूरत में अवैध कॉलोनियों को पनपने नहीं दिया जाए। ऐसे लोगों पर विशेष नजर रखी जाए जो बार-बार समझाने के बावजूद नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। बैठक में जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) गुंजन वर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा डिमोलिशन कार्यक्रम के तहत मार्च से जून माह के दौरान जिले के कंट्रोल्ड एरिया एवं अर्बन एरिया में 33 अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान 13 नए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, 2 मामलों में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए पुलिस विभाग को लिखा गया तथा 4 रिकवरी नोटिस भी जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अवैध कॉलोनियों पर की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान हुए खर्च की वसूली संबंधित तहसीलदार के माध्यम से शीघ्र करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्माणों के विरुद्ध नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी। दोषियों के खिलाफ मुकदमे भी दर्ज करवाए जा रहे हैं।




करनाल। लघु सचिवालय में अवैध कॉलोनियों की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में एसडीएम देवेंद्र शर्मा, डीएसपी राजीव कुमार, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता राजकुमार, जिला वन अधिकारी नवल किशोर, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता, नगर निगम के अधिकारी तथा इंफोर्समेंट थाना के प्रभारी भी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची से नाम नहीं कटे, 14 तक हर हाल में भरें गणना प्रपत्र

करनाल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत सभी मतदाता 14 जुलाई तक अपना गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ को अवश्य जमा कर दें। उन्होंने कहा कि जो मतदाता निर्धारित अवधि तक बीएलओ को अपना फॉर्म जमा नहीं कराएंगे, उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होगा और बाद में उन्हें चुनाव कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य किया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाने तथा डिजिटाइजेशन का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं से इस कार्य में पूरा सहयोग करने का आह्वान किया। इसी कड़ी में सोमवार को डी.ए.वी. स्कूल में विद्यार्थियों एवं स्टाफ को जागरूक किया गया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं लोकगीतों के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी।



विद्यार्थियों एवं स्टाफ को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रति जागरूक करते कलाकार।

### ऐप से भी भर सकते हैं फॉर्म

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि मतदाता ईसीआईनेट मोबाइल ऐप के माध्यम से भी अपना एन्यूमरेशन फॉर्म ऑनलाइन भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त बुक ए कॉल सुविधा का उपयोग कर सीधे अपने बीएलओ से संपर्क कर आवश्यक जानकारी एवं सहायता प्राप्त की जा सकती है।

जच्चा-बच्चा वार्ड में गर्मी से बेहाल मरीज, गंभीर रोगियों को मेडिकल कॉलेज भेजना पड़ा, हॉटलाइन और जनरेटर भी हुए फेल

## पांच घंटे के अंधेरे ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की खोली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के जिला नागरिक अस्पताल में रविवार शाम करीब पांच बजे अचानक बिजली आपूर्ति ठप होने से स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो गईं। करीब पांच घंटे तक अस्पताल अंधेरे और भीषण गर्मी से जूझता रहा। सबसे ज्यादा परेशानी जच्चा-बच्चा वार्ड में देखने को मिली, जहां गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और उनके परिजनों को उमस भरी गर्मी में घंटों बिताने पड़े। कई मरीजों के परिजन हाथ से पंखा झलते नजर आए, जबकि कुछ को वार्ड छोड़कर खुले में बैठना पड़ा। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब अस्पताल की हॉटलाइन बिजली व्यवस्था और जनरेटर भी समय पर राहत नहीं दे सके। गंभीर मरीजों की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ा।

### वार्डों में गर्मी, उमस और मच्छरों ने बढ़ाई परेशानी

मरीजों हरीश, पवन, राहुल और शशिपाल सहित अन्य परिजनों ने बताया कि बिजली गुल होने के बाद वार्डों में दम घुटने जैसी स्थिति बन गई। कई गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी होनी थी, जबकि नवजात शिशु भी गर्मी से परेशान रहे। मरीजों के परिजन पूरी शाम हाथ से पंखा झलकर उन्हें राहत पहुंचाने की कोशिश करते रहे। मच्छरों के प्रकोप ने मुश्किलें और बढ़ा दीं।

### शौचालयों पर ताले, मरीजों को उठानी पड़ी परेशानी

बिजली संकट के दौरान अस्पताल के कुछ शौचालयों पर ताले लगे होने की शिकायत भी सामने आई। इससे मरीजों और उनके परिजनों को अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई लोग अस्पताल परिसर में इधर-उधर भटकते नजर आए।

### विधायक के हस्तक्षेप के बाद हरकत में आया प्रशासन

घटना की सूचना मिलने पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने तत्काल जिला प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर बिजली आपूर्ति बहाल कराने के निर्देश दिए। इसके बाद वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का काम तेज किया गया, लेकिन आपूर्ति सामान्य होने में लगभग पांच घंटे लग गए। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. दीपक ने बताया कि जिला अस्पताल हॉटलाइन फीडर से जुड़ा होने के बावजूद बिना पूर्व सूचना बिजली चली गई। हालात को देखते हुए क्रिटिकल यूनिट के मरीजों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### इग्नू में प्रवेश की अंतिम तारीख कल तक

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक प्रमुख डॉ. धर्म पाल ने बताया कि इग्नू द्वारा जुलाई शैक्षणिक सत्र के लिए विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र कार्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। इच्छुक अभ्यर्थी समय रहते अपना ऑनलाइन आवेदन अवश्य कर दें। वर्तमान में विश्वविद्यालय के ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओ.डी.एल.) तथा ऑनलाइन माध्यम से संचालित अनेक कार्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है।

### शिक्षा विभाग की टीम ने जेल में किया जागरूक

पानीपत। उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, जिला कल्चरल कोऑर्डिनेटर संदीप रत्तेवाल व जिला मैथ स्पेशलिस्ट रणवीर सिंह ने पानीपत जिला जेल में पहुंचे। वहीं जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट नवीन छिल्लर ने शिक्षा विभाग की टीम का स्वागत किया तथा जेल में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की गतिविधियों से अवगत कराया। वहीं, डीईओ राकेश बूरा ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है।

# मादक पदार्थ से लदा कैंटर पकड़ा 1033 किलो डोडा पोस्त बरामद

## मध्य प्रदेश से पंजाब जा रहा था आरोपी, सूचना पर पुलिस ने नाका लगाकर किया गिरफ्तार

**तिरपाल से ढके कैंटर में गत्ता पेटी के नीचे प्लास्टिक कट्टों में भरा था डोडा चुरा पोस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए समालखा क्षेत्र में जीटी रोड सर्विस लेन पर नाकाबंदी कर डोडा चुरा पोस्त से भरा एक कैंटर पकड़ा। पुलिस ने मौके पर नशा तस्कर को भी गिरफ्तार किया। कैंटर से 10 क्विंटल 33 किलो 970 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ है। नशा तस्कर मध्य प्रदेश से उक्त चूरा डोडा पोस्त की खेप लेकर पंजाब जा रहा था। बरामद डोडा चुरा पोस्त की अनुमानित कीमत 20 लाख रूपए से अधिक बताई जा रही है। डीएसपी हैडक्वार्टर मुकेश कुमार ने प्रेस वार्ता में उपरोक्त मामले की जानकारी देते हुए कहा कि कैंटर चालक की पहचान नीतीश कौशल पुत्र राकेश निवासी गांव गांव मलकोवाल जिला होशियारपुर, पंजाब के रूप में हुई। नीतीश तिरपाल से ढके कैंटर में गत्ता पेटी के नीचे प्लास्टिक कट्टों में डोडा चुरा पोस्त लेकर पंजाब की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि कैंअर से 10 क्विंटल 33 किलो 970 ग्राम डोडा चुरा पोस्त बरामद हुआ है। वहीं, नीतीश पर थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है और कैंटर व नशे की खेप को पुलिस ने केस की जांच के लिए इंपाउंड किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने नीतीश के साथियों को पकडने के लिए उसे कोर्ट से रिमांड पर लिया है।



पानीपत। पुलिस की गिरफ्त में चूरापोस्त का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### नाकाबंदी कर मिली पुलिस को कामयाबी

समालखा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम गश्त और आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए जीटी रोड पर पट्टी कल्याणा के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दिल्ली की तरफ से आ रहा एक कैंटर ड्राइवर भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर पंजाब की ओर जाने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए जीटी रोड पर भोड़वाल माजरी के पास फोरलेन पर मजबूत नाकाबंदी कर दी और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू की।

### तलाशी में 601 पेटियों के नीचे छिपे थे 51 कट्टे

नाकाबंदी के कुछ देर बाद ही दिल्ली की ओर से आता हुआ एक संदिग्ध कैंटर दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकवाकर जब ड्राइवर से पूछताछ की, तो उसने अपनी पहचान नीतिश कौशल निवासी होशियारपुर (पंजाब) के रूप में बताई। कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए पुलिस ने आरोपी को राजपत्रित अधिकारी के सामने तलाशी लेने का विकल्प दिया। इसके बाद समालखा के डीएसपी मुकेश कुमार को मौके पर बुलाया गया। डीएसपी की मौजूदगी में जब कैंटर की गहनता से तलाशी ली गई, तो ऊपर फैब्रिक कंडीशनर की 601 पेटियां लदी हुई मिलीं। जब पुलिस ने इन पेटियों को हटवाया, तो उनके नीचे छिपाकर रखे गए 51 प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए, जिनमें डोडा-चूरा भरा हुआ था।

### एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज

पुलिस ने वजन तोलने के बाद नशीले पदार्थ की पूरी खेप और तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे कैंटर को तुरंत सील कर अपने कब्जे में ले लिया। साक्ष्यों को अदालत में मजबूती से पेश करने के लिए पुलिस द्वारा इस पूरी बरामदगी और तौल प्रक्रिया की मौके पर ही वीडियोग्राफी भी करवाई गई। समालखा थाना पुलिस ने आरोपी नीतिश कौशल के खिलाफ धारा 15 एनडीपीएस एक्ट के तहत व्यावसायिक मात्रा में नशा तस्करी का संगीन केस दर्ज किया है।

## न्यूज डायरी



पानीपत। गांव उंझा में कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सकों का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

### ग्रामीणों को कैंसर के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर विजय कुमार ने अपनी बेटी डॉ. पूजा तोमर के साथ अपने पैतृक गांव ऊझा की देशराज पटवारी चौपाल में कैंसर जागरूकता कैंप का आयोजन किया। जिसमें गंगा राम अस्पताल दिल्ली में कार्यरत सीनियर रजिडेंट, मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. पूजा तोमर, डॉ. ध्रुविल, डॉ. जिमी, डॉ. ओन्शी व डॉ. पल्लवी ने ग्रामीणों को कैंसर की पहचान, ईलाज व बचाव को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर अपने गांव ऊझा की बेटी डॉ.पूजा तोमर और उनके साथ आये अन्य डॉक्टरों का सरपंच रेनु रावल, नरेश रावल, विनय रावल, धर्मबीर, अशोक रावल, पाले राम मास्टर, भीमा मास्टर, जयपाल व संजय रावल आदि ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। कांग्रेस जिला कमेटी के पानीपत ग्रामीण अध्यक्ष रमेश मलिक व संगठन जिला महासचिव दीपक खटकड ने भी सभी चिकित्सकों का स्वागत किया। चिकित्सकों ने बडी स्क्रीन पर प्रोजेक्टर के माध्यम से भी ग्रामीणों को कैंसर संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया।

### पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने रिफाइनरी डे मनाया

**पानीपत।** इंडियन ऑयल के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, पानीपत रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने अपना 28वां स्थापना दिवस मनाया है। वहीं, टाउनशिप में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसें एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व टाउनशिप निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रोज गार्डन में पौधे रोपे।

### मां रेणुका के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**पानीपत।** ब्राह्मण महासंघ परिवार प्रबंध समिति पानीपत के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क मां रेणुका जी दर्शन यात्रा सकुशल आयोजितत हुई। श्रद्धालुओं ने हिमाचल प्रदेश स्थित मां रेणुका जी धाम सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। यह जानकारी ब्राह्मण महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम दी। यात्रा को सफल बनाने में शिक्षाविद् चित्रलेखा शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, जेपी शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, विनोद वत्स शास्त्री, राकेश मौदगिल, नवीन शर्मा मुरथल, सुरभि शर्मा, संजय शर्मा, संजीव भारद्वाज, सुधीर शर्मा, पंकज शर्मा, वासुदेव शर्मा, सतीश वत्स, अजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** गांव बबैल में स्वास्थ्य जांच शिविर में मंगल गीत गाते हुए नारी शक्ति।

### इंसान का पहला सुख निरोगी काया : डॉ. गोयल

**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र गांव बबैल द्वारा ग्रामवासियों के स्वास्थ्य हित में निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता व हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों ग्रामीणों एवं मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर के मुख्य चिकित्सक डॉ.शोभित गोयल ने घुटनों, कमर एवं जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों की विस्तार से जांच की। जांच के दौरान जिन मरीजों को आवश्यकता महसूस हुई, उन्हें एक्स रे कराने की सलाह दी गई तथा कुछ मरीजों को आगे के उपचार एवं ऑपरेशन संबंधी परामर्श भी दिया गया। डॉ.गोयल ने उपस्थित लोगों को हड्डियों एवं जोड़ों के स्वास्थ्य की देखभाल, नियमित व्यायाम तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। वहीं, सेवा केंद्र की संचालिका बीके पूनम बहन ने कहा कि निरोगी काया इंसान का पहला सुख है। इस अवसर पर बीके बहनें व भाई सुषमा, मीनू, प्रीति, पूजा, नरेंद्र, देवेंद्र, सतीश, नरेश, राजेंद्र, जीत सिंह, रामपाल, बिजेंद्र, रविंद्र, राजेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने चोरी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने थाना सनौली क्षेत्र में गांव जलालपुर प्रथम के पास स्थित एक फैक्टरी से प्रिटिंग स्क्रीन चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों सलमान उर्फ लूक्का पुत्र युसुफ और मोहम्मद अम्मी उर्फ सम्मी निवासी गांव बल्हेडा जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने फरार अपने दो अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त चोरी करना स्वीकारा। सीआईए वन प्रभारी फूल कुमार ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सनौली में अंसल निवासी सचिन पुत्र जोगिंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है, रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से चोरी की प्रिंटिंग स्क्रीन बरामद करने और फरार इनके साथी आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

### रजनीश बने साहित्य प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने रजनीश गुप्ता को साहित्य एवं संस्कार प्रकोष्ठ का प्रांतीय अध्यक्ष बनाया है। संस्था का उद्देश्य वैश्य समाज के सभी क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों को सर्व समाज के उत्थान करना है ताकि सर्व समाज के हर व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके। संस्था के अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने बताया कि रजनीश गुप्ता को यह जिम्मेवारी इसलिए दी गई है कि उनका उद्देश्य समाज के युवा पुरुष महिलाओं में चुनावी राजनीति के प्रति जागृति लाना और सर्व समाज में बढ़ रही आपसी तालमेल में कमी एवं पारिवारिक झगड़ों को लेकर रजनीश गुप्ता बेहद गंभीर हैं। नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि उनको जो यह जिम्मेवारी सौंपी गई है वह उस पर खरा उतारने का प्रयास करेंगे और समाज को नई दिशा दिखाने का प्रयास करेंगे।



**पानीपत।** जनसुनवाई करते प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी।

### खाद व बीज का स्टॉक विवरण प्रदर्शित करना होगा

**पानीपत।** पानीपत में सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि शहर और गांव में संचालित खाद एवं बीज की दुकानों के संचालकों को अपने प्रतिष्ठान पर उपलब्ध स्टॉक का पूरा विवरण स्पष्ट रूप से बाहर बोर्ड पर अंकित करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई संचालक इस निर्देश की अनदेखी करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिविर में प्रार्थी रविंदर निवासी गांव बड़ौली ने खाद एवं बीज विक्रेताओं द्वारा नियमों के उल्लंघन को लेकर प्रशासन से कार्रवाई करने की अपील की। वहीं, अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने कहा, जनता समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक प्रभावी मंच है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा, जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप कुमार, डीडीपीओ राजेश शर्मा आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### वोटर लिस्ट का डिजिटाइजेशन में तेजी

**पानीप।** पानीपत जिला में चल रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर अभियान को सफल बनाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने बताया कि अब तक जिले में 98 प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्रों यानि फॉर्म का वितरण किया जा चुका है, जबकि प्राप्त फॉर्मों में से 77.3 प्रतिशत का सफलतापूर्वक डिजिटाइजेशन भी पूरा कर लिया गया है।



पानीपत। राजकीय स्कूल, सिवाह में डॉ अशोक वर्मा, शिक्षक व छात्राओं को नशे के विरूद्ध शपथ दिलवाते हुए।

# नशे की लत से सबसे अधिक प्रताड़ित होती है नारी : अशोक

- एचएसएनसीबी ने राजकीय स्कूल गांव सिवाह में छात्राओं को नशे के विरूद्ध जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव सिवाह में नशे के विरुद्ध 97 वां जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या रमिता शर्मा ने की। वहीं, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशे के कारण सबसे अधिक पीड़ति नारी शक्ति होती है। नारी ही समाज को परिवर्तन की और लेकर जा सकती है। उन्होंने नशे के बारे विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को क्षति पहुंचाता है। यदि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहेगी तो देश का भविष्य सुरक्षित और समृद्ध होगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए भारतीय बल पर्याप्त हैं लेकिन जागरूकता के आभाव में नशा कारोबारी अपने स्वार्थ के लिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं जो कतई स्वीकार्य नहीं है।

# पर्यावरण के लिए घातक है पॉलीथिन का प्रयोग: बंसल

- एसडी स्कूल में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पेपर बैग दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रिंसिपल की अध्यक्षता में पेपर बैग डे जागरूकता के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष प्रमोद बंसल रहे। प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्लास्टिक के प्रयोग से बचने और पेपर बैग तथा कपड़े के थैलों का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों का धन्यवाद करते हुए प्लास्टिक बैग को छोडक़र ज्यादा से ज्यादा पेपर बैग उपयोग करने के लिए सभी प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री बजरंगबली सदन की इंचार्ज कविता शर्मा, महक, सोनू, रणवीर, संदीप, वरुण व राजेंद्र जैसवाल आदि मौजूद रहे।



पानीपत। एसडी स्कूल में पेपर बैग डे कार्यक्रम में भाग लेते टीचर्स एंड स्टूडेंट्स।

### सामाजिक भागीदारी से खत्म होगा नशे का काला खेल: डॉ. हरीश

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के नशा मुक्ति हरियाणा अभियान को जिले में जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में सोमवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। शहर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ से मुलाकात कर अभियान को प्रभावी ढंग से जमीनी स्तर पर लागू करने का आग्रह किया। उपायुक्त ने डॉ हरीश ने प्रतिनिधियों के सुझावों की सराहना करते हुए अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। संस्थाओं की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे एडवोकेट संदीप जिंदल ने उपायुक्त को बताया कि हाल ही में चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित नशा मुक्ति हरियाणा कार्यक्रम में पानीपत से लगभग 50 सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की थी। कार्यक्रम में नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरण और समाज की सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।



### पानीपत में मोदी की रैली का होगा लाइव टेलीकास्ट

**पानीपत।** जींद में 17 जुलाई को आयोजित होने जा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कार्यक्रम के प्रबंधन और अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए पानीपत के उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ से बात की और जिला में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी विशेष दिशानिर्देश दिए। इधर, डॉ. वशिष्ठ ने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी को जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम आर्य कॉलेज के सभागार में आयोजित किए जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी प्रधानमंत्री आवास योजना, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर और हैप्पी कार्ड के लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सभी लाभार्थी ई-रिक्शा या ई-वाहन से पहुंचेंगे। कार्यक्रम में कोई भी पेट्रोल या डीजल का वाहन उपायोग में नहीं लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी भी इस कार्यक्रम में आने के लिए अपने पेट्रोल और डीजल के वाहनों का उपयोग नहीं करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ईंधन बचाने की मुहिम के साथ जुडना भी है। प्रधानमंत्री की अपील पर हम सबको इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए।

### चाची के साथ दुष्कर्म का प्रयास, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के सनौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव में 22 वर्षीय युवक समून ने रात के अंधेरे में छत के रास्ते घर में घुसकर चारपाई पर सो रही रिश्ते में लगने वाली अपनी चाची के साथ छेड़छाड़ की। महिला के शोर मचाने पर पास ही सो रहे उसके 12 साल के बेटे ने तुरंत लाइट ऑन कर दी, जिससे आरोपी की पहचान हो गई। बच्चों को जागता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। वहीं, पीडिता का आरोप है कि समून ने उसके साथ पहले भी छेडखानी की थी, वहीं, क्षमा मांगने व लोकलिजाज के चलते उन्होंने पुलिस से शिकायत नहीं की थी।

# अमेरिका में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर 21 लाख ठगे, केस

- युवक को डंकी रास्ते से अमेरिका भेजा, अमेरिका में 11 माह की जेल काटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के आदेश पर थाना समालखा पुलिस ने गांव मनाना निवासी निशांत की शिकायत पर पानीपत के हुडा सेक्टर-18 निवासी नरेश के खिलाफ केस दर्ज किया है। निशांत का आरोप है कि नरेश ने उसे अमेरिका भेजने का झांसा दिया और उससे 20 लाख 75 हजार रुपए ठग लिए। निशांत का आरोप है कि नरेश ने उससे वादा किया था कि वह हवाई जहाज से सीधे अमेरिका चला जाएगा वहां उसे पीआर व नौकरी मिल जाएगी। निशांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नरेश ने 12 जून 2024 को निशांत को थाईलैंड की फ्लाइट में यह कहकर बिठाया कि वहां से कनेक्टिंग फ्लाइट है, वहीं, थाईलैंड पहुंचने पर पता चला कि उसके पास चाइना और गुयाना का वीजा है। आरोपी के आदमियों ने निशांत को गुयाना से अमेरिका के लिए कई सौ किलोमीटर तक हफ्तों-महीनों पैदल चलने पर मजबूर किया। रास्ते में उस पर जुल्म किए गए। निशांत ने बताया कि 25 अगस्त 2024 को आरोपी के गुर्गो ने सबूत मिटाने के लिए निशांत का फोन छीन लिया और मेक्सिको-अमेरिका बॉर्डर पर दीवार कुदाकर उसे जबरन अमेरिका में घुसा दिया। वहां घुसते ही अमेरिकी पुलिस ने उसे अवैध घुसपैठ के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

## मंत्री पंवार के प्रयास से मतलौडा गांव को मिली विकास कार्यों की सौगात

# इंडोर जिम, सांस्कृतिक केंद्र, आरोग्य उद्यान ई-लाइब्रेरी और आधुनिक पार्क का होगा निर्माण

- ई-लाइब्रेरी के निर्माण पर 1.99 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सरकार ने पानीपत के गांव मतलौडा में विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी है। गांव में स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास लगती करीब दो एकड़ पंचायती जमीन पर 4.10 करोड़ रुपये की लागत से इंडोर जिम, महिला सांस्कृतिक केंद्र, आरोग्य उद्यान, ई-लाइब्रेरी और आधुनिक पार्क का निर्माण किया जाएगा। वहीं, उपरोक्त विकास कार्यों के लिए हरियाणा विकास एवं पंचायत विभाग ने इसके लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति पत्र जारी कर दिया है। हरियाणा सरकार ने पानीपत के गांव मतलौडा में विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी है।यह पार्क ग्रामीणों के मनोरंजन, स्वास्थ्य और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा।

### खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का जताया आभार



प्रदेश के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार के शासन में गांवों तक शहरी सुविधाएं पहुंचाने के संकल्प को नई मजबूती मिल रही है। वहीं, मतलौडा में आरोग्य उद्यान परियोजना के तहत महिला सांस्कृतिक केंद्र, इंडोर जिम और ई-लाइब्रेरी के निर्माण पर 1.99 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे युवाओं को डिजिटल शिक्षा और स्वास्थ्य लाभ मिलेगा, वहीं महिलाओं को सामाजिक व रचनात्मक गतिविधियों के लिए एक सशक्त मंच प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा ग्रामीण विकास निधि योजना के तहत गांव में करीब 2.11 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक पार्क का निर्माण करवाया जाएगा।



**पानीपत।** मॉडल टाउन मार्केट एसो. के पदाधिकारी विधायक प्रमोद विज का फूल भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूम

### व्यापारियों की हर समस्या का हल होगा : प्रमोद विज

**पानीपत।** मॉडल टाउन मार्केट एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने विधायक प्रमोद विज से मुलाकात की। वहीं, विधायक विज ने एसोसिएशन की कार्यकारिणी को मिठाई खिलाकर बधाई और उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान मॉडल टाउन मार्केट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष आशु दुआ ने विधायक विज को दुकानदारों की समस्याओं से अवगत करवाते हुए मॉडल टाउन में विकास कार्यों व सौंदर्यकरण पर चर्चा की। विधायक विज ने मॉडल टाउन मार्केट एसोसिएशन को आश्वासन दिया कि दुकानदारों की हर समस्या का हल किया जाएगा और मॉडल टाउन के मुख्य मार्गों का सौंदर्यकरण करवाया जाएगा। इन मार्गों को आधुनिक व फैंसी लाइट्स लगाई जाएगी और पौधे रोपे जाएंगे। इस अवसर पर सरदार कमलजीत सिंह प्रधान, राजीव बटला महासचिव, विनय गुप्ता कोषाध्यक्ष, पंकज दुआ आदि उपस्थित रहे।

